# जन्मदिन पर शिवराज का बड़ा तोहफा

## मेधावी छात्रों के लिए 'प्रेम-सुंदर प्रतिभा सम्मान', टॉपर्स को 51 हजार तक

नवभारत न्यूज

**विदिशा 5 मार्च, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विदिशा में शिक्षा और युवाओं के भविष्य को लेकर एक बड़ी पहल करते हुए मामा कोचिंग क्लासेस की शुरुआत की शहर के रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपने माता-पिता की स्मृति में मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेम-सुंदर प्रतिभा सम्मान योजना का भी शुभारंभ किया.**

कार्यक्रम में उनकी पत्नी साधना सिंह चौहान भी उपस्थित रहीं.शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विदिशा के प्रसिद्ध बढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की.



### प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि युवाओं का भविष्य संवारना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है. इसी उद्देश्य से मामा कोचिंग क्लासेस. शुरू की जा रही हैं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके .उन्होंने बताया कि इस पहल की शुरुआत विदिशा, रायसेन और भैरूंदा से की जा रही है. इन कोचिंग क्लासेस में विद्यार्थियों को बैंकिंग, एसएससी, एमपीपीएससी, डीआरडीओ और फॉरेस्ट सर्विस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग दी जाएगी.

### युवाओं को मिलेगा करियर मार्गदर्शन

उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि करियर और रोजगार के हर चरण में सही मार्गदर्शन भी मिलना चाहिए. यदि कोई युवा व्यापार या व्यवसाय शुरू करना चाहता है और उसे बैंक से ऋण की आवश्यकता है तो उसे बैंक लोन की प्रक्रिया और सरकारी योजनाओं में मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी भी होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि कोशिश रहेगी कि युवाओं को इन सभी विषयों की जानकारी विस्तार से दी जाए, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की दिशा तय कर सकें.

## दो यात्री बसों के पंजीयन निरस्त, स्क्रेप के आदेश

**सागर.** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,द्वारा यात्री बस क्रमांक एमपी15 पीए 0195 जो स्पेशल परमिट लेकर संचालित थी एवं यात्री बस क्रमांक एमपी 35 पी 0711 जिसका बंडा से बांदरी मार्ग पर संचालन था, उक्त दोनों यात्री बसों का पंजीयन निरस्त किया गया है तथा उक्त बसों को स्क्रेप करने का आदेश जारी किया है. साथ ही भोपाल मार्ग, नरसिंहपुर मार्ग पर 13 यात्री बसों की जांच की गई. जांच के दौरान 04 यात्री बसों में मौके पर दस्तावेज नहीं, परमिट शर्तों का उल्लंघन, यात्रियों से अधिक किराया वसूली, एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं, चालक परिचालक निर्धारित गणवेश में नहीं, रेडियम रिफ्लेक्टर टेप नहीं तथा अग्निशमन यंत्र एवं अन्य सुरक्षा संबंधी उपाय नही होने से उन यात्री बसों के विरूद्ध अधिनियम के तहत् कार्यवाही की गई.

# 70 वर्षीय दादी की जीभ काटकर हत्या

रिश्तों को शर्मसार कर देने का हैरतअंगेज मामला

पोते को पुलिस ने दादी की हत्या के आरोप में हिरासत में लिया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/खिलचीपुर 05 मार्च, सं. भोजपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है. वारदात अपनों के द्वारा इतनी क्रूरता से की गई है. जिससे अपराधी की मानसिकता और उद्देश्य को समझाना हर किसी की समझ से परे है. भोजपुर थाना क्षेत्र में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की पुलिस के अनुसार उसके पोते ने निर्मम हत्या कर दी.**

बुधवार को महिला गांव के पास एक गेहूं के खेत में गंभीर घायल अवस्था में मिली थी. जिसकी नाक और जीभ काट दी गई थी. खिलचीपुर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना समय गंवाए घायल बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए तुरंत खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती कराया. अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को बचाने का प्रयास किया, लेकिन शरीर पर गंभीर चोटें थीं और काफी खून बह चुका था. अत्यधिक रक्तस्राव के कारण ही महिला की मौत हो गई.

सूत्रों के अनुसार, इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने का आरोप मृतका के सगे पोते पर है. जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है.

### बर्बरता से की हत्या

इस खौफनाक हत्याकांड की जांच में पुलिस को चौंकाने वाले तथ्य मिले हैं. सूत्रों के हवाले से सामने आया है कि मृतका के साथ हत्या से पहले रेप किया गया था. दरिंदगी के बाद बर्बरतापूर्वक उसकी नाक और जीभकाट दी गई. इस जघन्य वारदात को अंजाम देने का आरोप किसी और पर नहीं, बल्कि मृतका के सगे पोते पर ही लगा है.

# पुरानी रंजिश में युवक पर हथियार से हमला

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में बड़ी घटना होने से टल गई

**मुलताई। मुलताई के बेलदार मोहल्ले में बुधवार रात को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष के युवकों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे एक युवक घायल हो गया।**

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। जानकारी के अनुसार, पुरानी आपसी रंजिश को लेकर हरीश, नवनीत, राहुल और रितिक का मौसम, सुमित और चेतन के साथ विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने धारदार हथियार का इस्तेमाल किया। हमले में घायल युवक को



तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में बड़ी घटना होने से टल गई।

पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और पूछताछ के बाद आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून अपने हाथ में लेने के बजाय पुलिस को सूचना दें।

## आज नि :शुल्क कान परीक्षण शिविर

**गुना।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर आमजन में कान के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। शुक्रवार, 06 मार्च को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित डीईआईसी भवन में एक दिवसीय विशाल नि:शुल्क कान परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रवण हानि से बचाव और कानों की देखभाल के प्रति नागरिकों को जागरूक करना है।

# हाईटेंशन तारों की चपेट में आई ट्राली में भरी फसल

## थ्रेसिंग करने के लिए खेत से ट्राली में भरकर घर ला रहा था किसान

नवभारत न्यूज

**इछावर 5 मार्च. ग्राम भाऊखेड़ी में लसूड़िया रोड़ पर गेहूं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अचानक भीषण आग लग गई. इस हादसे में ट्रॉली में रखा लाखों रुपए कीमत का पूरा गेहूं जलकर राख हो गया.**

सूचना मिलने पर जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक किसान की पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी. इस घटना से किसान को भारी नुकसान हुआ है और फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है.

जानकारी के अनुसार दोपहर एक किसान अपनी कटी हुई गेहूं की फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर



ले जा रहा था. लसूड़िया रोड़ से गुजरते समय फसल हाईटेंशन लाईन के संपर्क में आ गई. देखते ही देखते अचानक चलती हुई ट्रॉली में आग भड़क उठी. आग इतनी तेजी से फैली कि ट्रॉली और उसमें रखा सारी फसल आग की लपटों में घिर गया. आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी. लेकिन आग इतनी भीषण थी कि ग्रामीणों के प्रयास नाकाफी साबित हुए और फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से पहले ही ट्रॉली में रखा सारा गेहूं जलकर नष्ट हो गया.

## ऑटो पलटने से आधा दर्जन घायल

**अशोकनगर।** जिले में मुंगावली से बीना की ओर जा रहा एक ऑटो कंजिया पुल के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जयपाल सिंह, पूनम, अनुज, सौम्या, पिंकी, सहित अन्य विगत दिवस बाजार करने केलिए मुंगावली आए थे, जहां लौटते समय शाम को उनका ऑटो अंनियत्रित होकर पलट गया। जिसके कारण ऑटो में सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

## एक नजर में



### राजस्व मंत्री वर्मा ने किया पौधारोपण

**बिलकीसगंज.** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने बिलकिसगंज के शासकीय सांदीपनी स्कूल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया. इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा भी उपस्थित थे. राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने ग्रामवासियों से भेंट की और उनकी समस्याएं सुनीं. मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े. यदि किसी भी स्तर पर समस्या आती है, तो उसका तत्काल समाधान किया जाए. उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रशासन की सेवाएं सदैव सक्रिय, सरल और लोगों के लिए सुलभ रहनी चाहिए. सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को समय पर राहत और सुविधाएं मिलें.

### स्कूल कैंपस में खड़ी बस में लगी आग

**बैतूल।** बैतूल के कालापाठा इलाके में एक निजी स्कूल परिसर में खड़ी बस में बीती रात आग लग गई। देखते ही देखते बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आसपास के लोगों और स्कूल के चौकीदार ने तत्काल नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल वाहन के मौके पर पहुंचने तक बस का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। गनीमत रही कि आग ने पास खड़ी अन्य बसों को अपनी चपेट में नहीं लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस खड़ी करने के बाद संभवत: कोई स्विच चालू रह गया था, जिसके कारण शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। इस घटना में करीब 25 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। बैतूल गंज थाना प्रभारी नीरज पाल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 तक

**राजगढ़ .** जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि एमपीटीएएएससी पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक एवं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन 15 मार्च तक आमंत्रित किए गए हैं. साथ ही समस्त पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा में एमपीटीएएएससी पोर्टल पर आवेदन दर्ज करना सुनिश्चित करें.

### ब्रह्माकुमारी आश्रम में मनाया होली स्नेह मिलन

**राजगढ़ .** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजगढ़ के शिव वरदान भवन में होली मिलन एवं भाई दूज का पर्व अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. होली पर्व के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए बीके मधु दीदी ने बताया कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि जीवन परिवर्तन का संदेश देने वाला उत्सव है. इस अवसर पर राजेंद्र जोशी एवं समाजसेवी प्रतापसिंह सिसोदिया ने शुभकामनाएं दी. बच्चों ने सुंदर-सुंदर एक्टिविटी कराई कु. तनिष्क व अकक्षी ने सुंदर नृत्य किया. राधे कृष्ण द्वारा सभी पर गुलाबाशी, पुष्प वर्षा, गुलाल का टीका लगाकर होली पर्व मनाया. इसके पश्चात सभी ने राधे कृष्ण के साथ मिलकर रास किया.

### नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**कुरवाई,** जैन धर्मशाला मुरलीधर मंदिर रोड कुरवाई पर सद्गुरु चिकित्सालय के सहयोग से सकल दिगंबर जैन समाज कुरवाई के द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया गया. शिविर में 163 मरीजों का परीक्षण किया क्या जिसमें 34 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया .24 मरीजों को ऑपरेशन हेतु सतगुरु चिकित्सा केंद्र भेजा गया। आयोजन के समापन से पूर्व कुरवाई में पदस्थ रहे ब्लॉक मेडीकल ऑफिसर डॉ ए के श्रीवास्तव, का सम्मान सकल दिगंबर जैन समाज कुरवाई के द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया. अनेक समाजसेवियों ने इस मौके पर सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉक्टर श्रीवास्तव के द्वारा दी.

# पुलिस की सक्रियता से लॉरेंस गैंग की साजिश नाकाम

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। व्यापारी से दस करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने लॉरेंस गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। तो वहीं उससे अंतर्राष्ट्रीय शूटर गेंग हैरि बॉक्सर एवं ऋतिक बॉक्सर के बारे में जानकारी जुटाई जा रहीं है।**

दरअसल पकड़ा गया आरोपी पैट्रोप बंप की मदद से बारदात को अंजाम देने वाला था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस सबंध में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा ने पूरे मामले का पर्दा से उठाते हुए बताया कि 12 फरवरी को अंकित आग्रवाल द्वारा थाने पर लोरेंस विस्नोई गेंग के सदस्य हैरी वोक्सर के नाम से वाट्सअप कोल, वीडियो कोल, वाईस नोट द्वारा डरा धमकाकर दस करोड की फिरोती मांगी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज करते विवेचना में लिया, तथा तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर उक्त आरोपियों की तलाशी के पुलिस टीमे जयपुर, जैसलमेर, राजस्थान, इंदौर, गोवा तथा अन्य स्थानो पर जाकर पुलिस टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

इसके अलावा शहर सहित आसपास के होटल, लॉज, धर्मशाला, बसस्टेंड, रेलवे स्टेशन सहित सभी स्थानो पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं गांधी पार्क से स्टेशन तक लगातार पुलिस हरकत में रही।



### पेट्रोल बम की घटना करना चाह रहा था आरोपी

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस लगातार जयपुर एवं आसपास के पुलिस अधिकारियों एवं अन्य माध्यम से सम्पर्क में थे, गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि हैरि बॉक्सर एवं ऋतिक बॉक्सर गैंग का गैंगस्टर घटना कारित करने के लिए शहर में आया है। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को निर्देशित किया गया। लगातार चैकिंग की गई, होटलों में चैक करने पर एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर 5 मार्च को रात्रि कस्बा भ्रमण के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति व्यापारी के घर के पास घूमता हुआ दिखा.



# मवेशी विवाद पर हुई बुजुर्ग की हत्या

नवभारत न्यूज

**खुरई 5 मार्च. ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम खेजरा इज्जत में खेत में मवेशी घुसने की मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया. मवेशी चराने गए 55 वर्षीय व्यक्ति की कुछ लोगों ने कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी, घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है.**

जानकारी के अनुसार भगवानदास पिता कुंवरराज यादव 55 वर्ष बुधवार दोपहर गांव के पास खेत में मवेशी चरा रहे थे. इसी दौरान मवेशी एक खेत में घुस गए, जिससे नाराज होकर जयराम यादव, करतार यादव, नीरज यादव सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और विवाद करने लगे. बताया जा रहा है कि जब भगवानदास ने विवाद शांत कराने की कोशिश की, तो आरोपियों ने आक्रोश में आकर उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया हमला इतना घातक था कि भगवानदास गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े. ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, पुलिस की मदद से उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है, इस वारदात के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है. पुलिस द्वारा अतिरिक्त बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है.

गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद ग्राम में शव रखकर जाम लगा दिया गया. परिजनों और ग्रामीणों की मांग थी कि आरोपियों में एक आरोपी शासकीय सेवा में है जिसको बर्खास्त किया जाए एवं आरोपियों के मकान गिराए जाएं. खुरई मार्ग पर जाम के दौरान वाहनों की कतारें लग गईं मौके पर पहुंचे पुलिस बल और प्रशासन द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की गई है. पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.

# सचल रथ के माध्यम से शिक्षा की अनूठी मिसाल

नवभारत न्यूज

**सागर 5 मार्च. बहरोल संकुल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पथरिया गौड़ ( बंडा ) में पदस्थ शिक्षक रंजीत सिंह लोधी सुदूर ग्रामीण अंचलों में शिक्षा जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं.**

शारीरिक अचलता के बावजूद वे अपने दिव्यांग वाहन पर सचल रथ के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर रहे हैं. वे विद्यालय के कैचमेंट क्षेत्र के सभी 7 ग्रामों में अवकाश दिवस एवं रात्रिकाल में घर-घर जाकर आगामी सत्र के लिए नामांकन, शासकीय सुविधाओं की जानकारी,



तथा बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को मौके पर ही सहायक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराकर शंका समाधान कर रहे हैं. साथ ही ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी चौपाल के माध्यम से दी जा रही है. इस अभियान को स्थायी स्वरूप देने के लिए प्रत्येक ग्राम में ग्राम जागरूकता टोली का गठन किया जा रहा है. इस टोली में उसी गांव के पूर्व छात्र शामिल किए जा रहे हैं, जो शिक्षा, पर्यावरण, स्वच्छता और संस्कार जैसे विषयों पर मार्गदर्शन एवं देखरेख करेंगे. उद्देश्य है कि न्यूनतम गैर-सरकारी व्यय में प्रत्येक गांव में शिक्षा और सामाजिक विकास का सशक्त ढांचा खड़ा किया जा सके.

## गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च

**राजगढ़ 05 मार्च, का.** जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार द्वारा बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन किए जाने हेतु अंतिम तिथि 07 मार्च रहेगी. जिला आपूर्ति अधिकारी श्री कुमार द्वारा जानकारी दी गई है कि जिले में गेहूँ पंजीयन कार्य विपणन संस्थाओं, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के 84 पंजीयन केन्द्रों तथा 550 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से किया जा रहा है. अब तक जिले के 54 हजार 736 किसानों का गेहूँ पंजीयन किया जा चुका हैं.

**नियमों को ठेंगा** | छात्रा को कुचलने के बाद प्रशासन ने लगाई थी 'नो-एंट्री'

# होली के हुड़दंग के बीच दिनदहाड़े शहर में घुसे भारी वाहन

नवभारत न्यूज

**गुना 5 मार्च का। शहर के बायपास रोड पर 27 फरवरी को इंडस्ट्रियल एरिया पत्रकार कॉलोनी और मारुति शोरूम के पास हुई उस दर्दनाक घटना को लोग अभी भूले भी नहीं हैं, जिसमें एक ट्रक ने छात्रा को बेरहमी से कुचल दिया था। गंभीर रूप से घायल छात्रा आज भी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है। इस घटना के बाद उपजे जनाक्रोश और चक्का जाम को देखते हुए प्रशासन ने मारुति शोरूम से भुल्लनपुरा चौराहे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर दिन में रोक लगा दी थी, लेकिन बुधवार को होली के उल्लास के बीच नियमों की धज्जियां उड़ती नजर आई।**



प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि भारी वाहनों का आवागमन केवल रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक ही रहेगा और इसकी सूचना कुसमोड़ा चौकी के पास बाकायदा प्रदर्शित भी की गई थी। इसके बाद से दिन में ट्रकों का निकलना बंद हो गया था, जिससे स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली थी।

लेकिन बुधवार दोपहर करीब 1:00 बजे, जब पूरा शहर होली के त्यौहार की चहल-पहल में डूबा हुआ था, अचानक इसी प्रतिबंधित रोड पर भारी भरकम ट्रकों की कतारें नजर आने लगीं। त्योहार के समय सड़कों पर उमड़ी भीड़ के बीच इन ट्रकों के निकलने से स्थानीय लोगों में गहरा गुस्सा देखा गया। जब स्थानीय लोगों ने इस उल्लंघन पर सवाल उठाए, तो ट्रक ड्राइवरों का कहना था कि उन्हें ट्रांसपोर्ट विभाग से अनुमति मिल गई है और वे सीधे माल गोदाम जा रहे हैं।

### 42 वाहनों को निकालने के निर्देश

वहीं, कुसमोड़ा चौकी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने तर्क दिया कि इमरजेंसी की स्थिति में कुल 42 वाहनों को निकालने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, स्थानीय निवासियों का सवाल है कि प्रशासन ने इस संवेदनशील रोड पर भारी वाहनों को निकालने के लिए होली का दिन ही क्यों चुना, जब सड़कों पर बच्चों और युवाओं की आवाजाही सबसे अधिक रहती है? दिन में 'नो-एंट्री' होने के बावजूद इस तरह की ढिलाई किसी बड़ी अनहोनी को फिर से न्योता दे सकती है।

## पंजीयन कल तक

**सागर.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु शासन द्वारा किसान पंजीयन की अवधि 7 मार्च तक निर्धारित की गई है. जिले में किसान पंजीयन के लिए सेवा सहकारी समितियों के 104 पंजीयन केंद्र तथा एमपी ऑनलाइन/कॉमन सर्विस सेंटर, कियोस्क और साइबर कैफे के 413 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं. पंजीयन केंद्रों के माध्यम से आज दिनांक तक 40,718 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है. गेहूं विक्रय करने के लिए किसान पंजीयन स्वयं के मोबाइल, कंप्यूटर, ग्राम पंचायतों के सुविधा केंद्र तथा सहकारी समितियों पर नि:शुल्क किया जा रहा है. इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र तथा साइबर कैफे पर निजी व्यक्तियों द्वारा 50 रुपए शुल्क जमा कराकर 7 मार्च तक पंजीयन करवाया जा सकता है.